दिन-प्रतिदिन का वैज्ञानिक इतिहास

प्रिय पाठक मित्रों! जनवरी 2016 से इस स्तंभ के अंतर्गत प्रत्येक माह का दिन-प्रतिदिन का वैज्ञानिक इतिहास प्रस्तुत किया जायेगा। इसके अंतर्गत विज्ञान के इतिहास में घटित घटनाओं के बारे में प्रत्येक माह आपको अवगत कराने की कोशिश की जाएगी। आशा है यह स्तंभ आपको पसंद आएगा और समय-समय पर आप अपने विचारों से हमें अवगत भी कराते रहेंगे।

विजेन्द्र कुमार

1 जनवरी

• **1801,** सौर मंडल के सबसे बड़े (925 कि.मी. व्यास) एवं प्रथम (क्षुद्रग्रह) 'सायरस' (Ceres) की खोज इटालियन खगोलविज्ञ ग्यूसेप्पी पियाजी (Giuseppe Piazzi) ने की।

• **1894,** प्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ और भौतिक शास्त्री सर सत्येन्द्र नाथ बोस का जन्म हुआ। भौतिक शास्त्र में दो प्रकार के अणु माने जाते हैं: बोसॉन और फर्मियॉन। इनमें से बोसॉन का नामकरण सत्येन्द्र नाथ बोस के नाम पर हुआ है।

• **1944,** एक अमेरिकी जीव रसायनिज्ञ इरविन शर्गाफ ने प्रतिपादित किया कि 'जीन का निर्माण डीऑक्सीराइबो न्यूक्लिक एसिड के द्वारा होता है।'

2 जनवरी

• **1888,** भारत में सर्वप्रथम कलकत्ता, तमिलनाडु व मुंबई में टेलीफोन एक्सचेंज की शुरुआत हुई।

• **1959,** प्रथम मानवनिर्मित अन्तरिक्ष यान 'लूना-1' (Luna-1), जोकि प्रथम कॉस्मिक शिप के रूप में भी जाना जाता है, को सोवियत संघ ने प्रक्षेपित किया।

4 जनवरी

• **2004,** नासा का अन्तरिक्ष यान एम.ई.आर.-ए (MER-A) मंगल ग्रह पर पहुंचा। मार्स एक्सप्लोरेशन रोवर (एम.ई.आर.) मिशन एक रोबोटिक मिशन था जिसका उद्देश्य मंगल ग्रह का अन्वेषण करना था।

5 जनवरी

• **1769,** 'फायर इंजन में फ्यूल एवं वाष्प की खपत को कम करने की नयी पद्धति' की खोज के लिए जेम्स वाट को प्रथम ब्रिटिश पेटेंट (नं. 913) मिला।

• **1969,** सोवियत संघ द्वारा 'वेनेरा 5'(Venera 5) अंतरिक्ष यान वीनस की ओर प्रक्षेपित किया गया। वेनेरा 5 वीनस के अन्वेषण के लिए सोवियत अंतरिक्ष कार्यक्रम था।

• **2005,** सौर मंडल के सबसे भारी व दूसरे सबसे बड़े बौना ग्रह 'आइरिस' (Eris) की खोज माइकल ई. ब्राउन, चाड ट्रूजिलो व डेविड एल. रबिनोविट्ज ने की।

6 जनवरी

• **1944,** चिकित्सा के क्षेत्र में नोबल पुरस्कार (1996) विजेता स्विस प्रतिरक्षा विज्ञानी रॉल्फ एम. जिन्करनागेल का जन्म हुआ। उन्हें यह पुरस्कार कोशिका मध्यस्थ प्रतिरक्षी तंत्र सम्बन्धी खोज के लिए मिला था।

7 जनवरी

• **1930,** तत्व 'फ्रैन्शियम (Fr)' (अणु संख्या 87) की खोज मार्गरेट पियरे ने की। यह अंतिम रूप से प्राकृतिक अवस्था में पाया गया तत्व है एवं सबसे भारी क्षारीय धात्विक अणु है।

• **1935,** इन्डियन नेशनल साइंस अकेडमी (पूर्व नाम नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस ऑफ इंडिया) की स्थापना इसके प्रथम अध्यक्ष डॉ. एल. एल. फेर्मोर के द्वारा की गयी।

8 जनवरी

• **1856,** 'बोरेक्स' की खोज डॉ. जॉन वेच ने कैलिफोर्निया, यू.एस.ए. में की। बोरेक्स एक बोरॉन का यौगिक, एक द्रव व बोरिक एसिड का साल्ट है।

• **1935,** स्पेक्ट्रोफोटोमीटर के लिए प्रथम यू.एस. पेटेंट प्रो. आर्थर कब्ब हार्डी को प्राप्त हुआ। (नं. 1,987,441)

9 जनवरी

• **1922,** प्रसिद्ध भारतीय मूल के अमेरिकी जैवरसायनज्ञ सर हर गोविन्द खुराना, जिन्हें सन् 1968 का साइकोलॉजी एवं मेडिसिन का नोबल पुरस्कार मिला था, का जन्म हुआ। इन्हें यह पुरस्कार प्रोटीन संश्लेषण में जेनेटिक कोड की भूमिका की व्याख्या के लिए प्रदान किया गया।

10 जनवरी

• **1863,** विश्व की प्रथम भूमिगत रेलवे लाइन का शुभारम्भ लन्दन में हुआ।

• **1969,** भारत

द्वारा सर्वप्रथम एकल पी.एस.एल.वी. राकेट पर चार सैटेलाइट अन्तरिक्ष की कक्षा में प्रक्षेपित किये गए।

11 जनवरी

• **2001,** एशिया के प्रथम वसीय ऊतक बैंक (Fat tissue bank) की स्थापना डॉ. विजय कुमार द्वारा मुंबई में की गयी।



12 जनवरी

• **1895,** प्रसिद्ध भारतीय चिकित्सा वैज्ञानिक डॉ. वाई. सुब्बाराव का जन्म हुआ। इनका टेट्रासाइक्लिन की खोज, फॉलिक अम्ल व विटामिन बी-9 के संश्लेषण में उल्लेखनीय योगदान रहा है।

16 जनवरी

• **1876,** भारत के दूसरे रिसर्च रिएक्टर, 40 एम. डब्ल्यू. सिरस (40 MW CIRUS) (कनाडा इंडिया रिसर्च, यू.एस.) का ट्रॉम्बे में उद्घाटन किया।

17 जनवरी

• **1706,** विख्यात् अमेरिकी वैज्ञानिक, अन्वेक्षक एवं विचारक बेंजामिन फ्रेंकलिन का जन्म हुआ।

• **2001,** भारत द्वारा स्वदेशी विकसित मध्यम दूरी की मिसाइल 'अग्नि-II' का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।

19 जनवरी

• **2002,** भारत की सबसे परिष्कृत सूक्ष्म दूरी की मिसाइल 'त्रिशूल' का चांदीपुर रेंज में परीक्षण किया गया।

20 जनवरी

• **1957,** भारत के प्रथम नाभिकीय शोध रिएक्टर 'अप्सरा' को ट्रॉम्बे में स्थापित किया गया।

21 जनवरी

• **1934,** अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (International Telecommunication Union) की स्थापना जेनेवा, स्विट्जरलैंड में की गयी।

• **1950,** बर्केलियम (Bk), रसायन तत्व संख्या 97 की खोज ग्लेन टी. सीबोर्ग एवं उनकी टीम ने यूनीवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, यू.एस.ए. में की।

22 जनवरी

• **1926,** भारत के प्रथम ओ.पी.डी. (Out Patient Department) की शुरुआत किंग एडवर्ड मैमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई में हुई।

• **2007,** भारतीय अन्तरिक्ष यान 'स्पेस कैप्सूल रिकवरी एक्सपेरिमेंट' (SCRE-1) का बारह दिवसीय कक्षीय परीक्षण (Orbital test) पूर्ण हुआ। इसके पश्चात् भारत उन देशों की शृंखला में शामिल हो गया जिनके यान अपनी कक्षा से वापस आ गये।

23 जनवरी

• **1970,** प्रथम बोईंग 747 जम्बी जेट यान ने न्यूयॉर्क के जॉन एफ. केनेडी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से लन्दन के हेल्थरो एयरपोर्ट के बीच उड़ान भरी।

28 जनवरी

• **1939,** नाभिकीय विखंडन (Nuclear Fission) की खोज ओटो हाहन ने की।



30 जनवरी

• **1995,** सिकल सेल एनीमिया (Sickle Cell Anemia) के लिए ड्रग 'हाइड्रॉक्सीयूरिया' (Hydroxyurea) को प्रथम प्रभावी उपचार के रूप में अमेरिकी राष्ट्रीय हृदय, फेफड़े एवं रक्त संस्थान ने घोषित किया।



31 जनवरी

• **1893,** थॉमस ए. एडिसन को 'विद्युत उत्पन्न करने की कला' और 'बिजली के लैंप के लिए कार्बन फिलामेंट्स के निर्माण' के लिए पेटेंट प्रदान किया गया।



संपर्क सूत्र :
श्री विजेन्द्र कुमार,
रिसर्च इंटर्न, राष्ट्रीय विज्ञान पुस्तकालय,
सीएसआईआर-निस्केयर, 14 सत्संग विहार मार्ग, नई दिल्ली 110067
[ई-मेल : vijendra.intern@niscair.res.in]